नए उद्योगों को छूट समय से मिले : सचिव

लखनऊ। औद्योगिक विकास विभाग के सचिव अभिषेक प्रकाश ने कहा है कि नई औद्योगिक इकाइयों को समय से इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी दिलाई जाए। उद्यमियों की लंबे समय से अटकी समस्याओं का समाधान कराया जाए।

अभिषेक प्रकाश ने शुक्रवार को इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन व संबंधित विभागों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, वाराणसी को कहा कि डिस्कॉम में लघु उद्यमियों द्वारा किए गए माल की आपूर्ति के लंबित भुगतान के विषय में 15 दिनों के भीतर कार्यवाही करके सूचित किया जाए। मेरठ मण्डल में उद्यमों से खरीदे गए माल के विलंबित भुगतान के मामलों के बाबत अपर आयुक्त उद्योग, चैत्रा वी ने कहा कि इस प्रकार के 30 प्रकरणों को मण्डलीय फैसिलिटेशन काउंसिल में समाधान करा दिया गया है।